हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026






# समय पर चावल जमा नहीं, मिलर्स को ब्लैक लिस्टेड करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के राइस मिलों द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत समय पर शासकीय चावल जमा नहीं करने के चलते राशन दुकानों में तीन माह के चावल वितरण में संकट खड़ा हो गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के लगभग 200 राशन दुकानों में भंडारण की समस्या के चलते तीन माह का चावल वितरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में चावल समय पर जमा नहीं करने वाले मिलर्स को लेकर प्रशासन सख्त दिखाई दे रहा है। अब तक मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स को चिन्हित कर खाद्य विभाग में बैठक ली गई, जहां सभी मिलर्स को समय पर कस्टम मीटिंग का चावल जमा करने कहा गया है।कस्टम मिलिंग के तहत 77 हजार मिट्रिक टन चावल जमा होने का लक्ष्य निर्धारित है, लेकिन अब तक मिलर्स द्वारा 31 हजार मिट्रिक टन चावल ही जमा किया गया है, जो मिलिंग का 40 प्रतिशत ही है। बैठक में मिलिंग क्षमता के अनुरूप काम नहीं करने वाले मिलर्स को समय-सीमा में चावल जमा करने निर्देशित किया गया है। जिले के कुछ मिलर्स द्वारा पिछले साल का चावल भी जमा नहीं किया गया है। खाद्य विभाग ने अब उनके खिलाफ भी एक्शन की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग का कहना है कि एक दो दिनों के भीतर मिलिंग में तेजी लाई जाएगी।

## राशन दुकानों में गहराया चावल संकट, तीन की जगह एक महीने का ही वितरण

### मिलर्स को नोटिस जारी

जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी ने बताया कि मिलिंग क्षमता के अनुरूप कार्य करने सभी को पहले ही कलेक्टर के निर्देश पर नोटिस जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि समय पर चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई भी की जाएगी।जिले के लगभग तीन सौ दुकानों में चावल का भंडारण हो गया है। शेष लगभग 200 दुकानों में चावल का भंडारण अप्रैल माह के अंत तक हो जाएगा।



### उपभोक्ताओं में आक्रोश

राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन कार्डधारी हितग्रहियों को तीन माह का चावल दिया जाना है। इसके लिए जिले के लगभग ढाई सौ दुकानों में तीन माह का चावल वितरित हो रहा है। वहीं लगभग 200 दुकानों में चावल का पर्याप्त भंडारण नहीं होने के चलते वर्तमान में एक माह का चावल दिया जा रहा है। मिलर्स द्वारा समय पर कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने से भंडारण में कमी बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### स्कार्पियो में शराब ले जाते गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** स्कार्पियो वाहन में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से बीयर एवं जम्मू व्हीस्की बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 18 अप्रैल को रात्रि में सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति सफेद स्कार्पियो वाहन में अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस टीम द्वारा गठुला नाला के पास नाकाबंदी कर सफेद रंग स्कार्पियो को रोककर चेक करने पर आरोपी अजीत यादव 37 साल साकिन ग्राम पोटेश्री द्वारा अपने स्कार्पियो वाहन में 24 नग किंग फिशर बीयर, 49 पौवा जम्मु स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया। आरोपी के कब्जे से उक्त शराब 24 नग किंग फिशर बीयर कीमती 4800 रुपए, 49 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 5880 रुपए एवं स्कार्पियो वाहन को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, प्रधान आरक्षक अरूण नेताम, महिला प्रधान आरक्षक वंदन पटले, आरक्षक आदित्य सोलंकी, गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी, नेमसिंह, जयराम निषाद, तामेश्वर भुआर्य एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## शासन के परिवहन महकमे ने जारी की सब्सिडी राशि

# चार साल में तीन हजार इलेक्ट्रिक वाहनों की मिली 5 करोड़ की सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार सब्सिडी दे रही है। पिछले चार साल के दौरान हजारों लोगों ने इस सब्सिडी का लाभ भी लिया है। जिले में ही इन चार साल के दौरान लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए की सब्सिडी जारी की जा चुकी है। हालांकि अब भी चार लाख से अधिक रुपए की सब्सिडी गलत अकाउंट नंबर और त्रुटि के चलते अटके हुए हैं। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने सब्सिडी की अवधि भी अब आगामी जुलाई महीने तक के लिए बढ़ा दी है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार पीएम-ई-ड्राइव योजना के तहत दो पहिया और तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी पर सब्सिडी प्रदान कर रही है। पिछले चार साल से जारी इस योजना के तहत जिले में भी बड़ी संख्या में लोगों ने दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी की है। इनमें अधिकांश को सब्सिडी की राशि जारी कर दी गई है। हालांकि इनमें भी कई ऐसे हितग्राही हैं। जिनके द्वारा जमा की जानकारी में त्रुटि होने के चलते उनकी सब्सिडी राशि नहीं पहुंची है। ऐसे लोग अब विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।

## दो पहिया के लिए केंद्र ने सब्सिडी की अवधि जुलाई तक बढ़ाई



### राशि जारी

राज्य शासन के परिवहन विभाग ने ईवी सब्सिडी नीति 2022 के तहत अगस्त 2022 से लंबित सब्सिडी राशि का भुगतान कर दिया है। मार्च 2026 तक करीब साढ़े पांच करोड़ रूपए की राशि हितग्राहियो के खाते में भेजी जा चुकी है। खाता नंबर गलत होने से 4 लाख रूपए अटके है।

**- आनंद शर्मा**
परिवहन अधिकारी

### सब्सिडी मिलने की अवधि में इजाफा, अब 2028 तक मिलेगी

मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक अंतिम तारीख तय कर दी है। अगर आप सब्सिडी का फायदा उठाना चाहते हैं, तो आपके इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर का रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई 2026 से पहले होना चाहिए। वहीं इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (ई-रिक्शा/ई-कार्ट) के रजिस्ट्रेशन के लिए 31 मार्च 2028 तक की तारीख तय की गई है। अगर आप इन तारीखों के बाद गाड़ी रजिस्टर कराते हैं, तो आपको सब्सिडी नहीं मिलेगी। हर इलेक्ट्रिक गाड़ी पर सब्सिडी नहीं मिलेगी। सरकार ने इसके लिए अधिकतम कीमत भी तय की है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की एक्स-शोरूम कीमत 1.5 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। वहीं इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर का एक्स-शोरूम प्राइस 2.5 लाख रुपए तक ही होना चाहिए। अगर गाड़ी की कीमत इससे ज्यादा हुई, तो उस पर कोई सरकारी छूट नहीं मिलेगी।


### 1903 दो पहिया वाहन शामिल

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 1903 दो पहिया वाहनों के लिए सब्सिडी जारी की जा चुकी है। वहीं 159 इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन एवं 837 ई-रिक्शा यानी तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी जारी हो चुकी है। ज्ञात हो कि सभी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उनके प्रकार के अनुसार ही सब्सिडी की राशि तय की गई थी। जिले में कुल 5,54,30,874 रुपए सब्सिडी की राशि में से 2959 वाहनों के 5,50,24,809 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। वहीं 4,06,065 रुपए की राशि अटकी हुई है।

# हथियार लहराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी जशवंत गावडे ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 18 अप्रैल को करीबन 9 बजे रात्रि पडोस का सुकलाल नेताम निवासी बोरतलाव घर के सामने आकर गंदी-गंदी गाली-गलौज कर एक धारदार चाकू को दिखाकर लहराकर डरा रहा था। प्रार्थी अपने घर अंदर घुसा तो आरोपी सुकलाल नेताम भी उसके पीछे चाकू लेकर घुस गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 296, 333, 331(6) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी का पता तलाश किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। उसके कब्जे से धारदार हथियार बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड में भेजा गया।




# फिर बना बेमौसम बारिश का सिस्टम, मिलेगी राहत

## 44.5 डिग्री पर पहुंचा जिले का तापमान, प्रदेश में सबसे गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के बीच राहत की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अंचल में एक बार फिर बेमौसम बारिश का सिस्टम बन रहा है। जिसकी वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसे में पिछले चार दिन से जारी हिटवेव से भी राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री पर जा पहुंचा है, जो प्रदेश में सबसे अधिक है।


मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी उत्तरप्रदेश से तटीय उड़ीसा तक झारखंड होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा उत्तर दक्षिण द्रोणी का मन्नार की खाड़ी से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक बिहार, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग, बांग्लादेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 3.1 कम से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### तापमान में आएगी हल्की गिरावट

प्रदेश में कल 20 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## माए एंगल






## परीक्षा के बाद युवाओं में दिखा उत्साह, सरल प्रश्नों से खिले चेहरे

# परिवहन आरक्षक परीक्षा में पूछाः नांदगांव में कब हुई थी सरस्वती पुस्तकालय की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रविवार को व्यापम द्वारा परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के 26 केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में 6784 परीक्षार्थियों के बैठने व्यवस्था की गई थी। कड़ी जांच पड़ताल के बीच परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश दिया गया।

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 50 पदों के लिए परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की गई। 100 नंबर की परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे गए। जिसमें छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रश्नों के साथ ही सामान्य ज्ञान, इतिहास और गणित के दो तीन प्रश्न पूछे गए। इधर परिवहन आरक्षक बनने के लिए युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। वहीं सरल प्रश्नों से उनके चेहरे खिल उठे। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थी कमल किशोर मारकंडे और मीनाक्षी सोनकर ने कहा कि परीक्षा में प्रश्न काफी अच्छे थे। प्रश्न ज्यादा कठिन नहीं आए थे, केवल चार-पांच प्रश्न ही कठिन थे।

### ढाई हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित



परिवहन आरक्षक परीक्षा समन्वयक डॉ. अनीता बख्शी ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 4380 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 2404 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। उन्होंने बताया कि परीक्षा में नकल रोकने के लिए कड़ी जांच पड़ताल की गई और उन्होंने बताया कि 12 परीक्षार्थियों के बीच एक परीक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी।

**टाइमिंग को लेकर हुई बहसः** शहर के कुछ सेंटर में परीक्षार्थी और प्रबंधन में तैनात लोगों के बीच टाइमिंग को लेकर बहस भी हुई। शहर के कमला कॉलेज में भी देर से पहुंचे परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया, जिस पर परीक्षार्थी द्वारा स्वयं को समय पर आना बताया गया। इस दौरान माहौल गरमा गया। व्यापम द्वारा सुबह 10.30 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित किया गया था। वहीं पूर्व में ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में 2 घंटे पहले आने सूचना जारी की गई थी।

### नांदगांव से संबंधित प्रश्न

परीक्षा में नांदगांव से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। दाऊ मंदराजी से संबंधित प्रश्न के साथ ही नांदगांव में सरस्वती पुस्तकालय की स्थापना वर्ष सहित अन्य प्रश्न पूछे गए। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कब मनाया जाता है। भारत के राष्ट्रपतियों का कार्यकाल के अनुसार क्रम सहित सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए।

## खबर संक्षेप



### योजनाओं का किया प्रचार

**बेलगांव।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने गत दिनों मुसरा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ और समस्याओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सरपंच गायत्री टेंभुलकर, शिवकुमार, दिनेश वैष्णव, रूपलाल साहू, बलिराम साहू, जीवन साहू, लक्ष्मी नेताम, रेखा नेताम, रामबती निषाद, ज्योति यादव, मीराबाई, कलाबाई, भारती साहू, पीमला साहू, केसरी साहू, हंसना साहू, पूर्णिमा साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रार्थना शेड का भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम पंचायत पाटेकोहरा, महाराजपुर, रामपुर की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में प्रस्तावित प्रार्थना शेड का भूमिपजन जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। इस दौरान जिपं सदस्य अनिता मंडावी, बीरम मंडावी, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, रेखा गंधर्व, अशोक मरकाम, सूरज डडसेना मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिंहा ने कहा कि प्रार्थना शेड के निर्माण से बच्चों को धूप, बारिश और ठंड में राहत मिलेगी। प्रार्थना के लिए सुरक्षित व्यवस्थित और सम्मानजनक स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर महेंद्रसिंह चंद्रवंशी, उमेंद कंवर, राजेश्वर ध्रुवे, कन्हैया साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### तीजनबाई प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

**अंबागढ़ चौकी।** मानिकपुरी पनिका समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव रविवार को प्रजातांत्रिक ढंग से संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए पंचकोणीय संघर्ष में क्षेत्र की भाजपा नेत्री तीजनबाई माानिकपुरी ने जीत दर्ज कर जिले का गौरव बढाया। तीजन मानिकपुरी सोनसायटोला क्षेत्र से जनपद सदस्य रह चुकी है और वह वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा में सक्रिय है। उनके निर्वाचित होने पर सुकृतदास, मानिक मानिकपुरी, बिसाहूदास, मनोहरदास, गोविंददास, साहेबदास, शंकरदास सहित अन्य ने बधाई दी है।



### दृष्टिबाधित छात्र कीर्तन को मिला निःशुल्क मोबाइल

**राजनांदगांव।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दृष्टिबाधित छात्र कीर्तन निषाद को उच्च शिक्षा में डिजिटल सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से निःशुल्क मोबाइल उपलब्ध कराया गया। उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार ने छात्र कीर्तन निषाद को मोबाइल प्रदान करते उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और अध्ययन में मोबाइल के बेहतर उपयोग के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहबा निवासी कीर्तन निषाद जन्म से दृष्टिबाधित दिव्यांग है और पढ़ाई में अत्यंत मेधावी रहे हैं। उन्होंने कक्षा 8वीं तक की शिक्षा समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था अभिलाषा में रहकर पूर्ण की तथा कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय मठपुरैना रायपुर से पूरी की। वर्तमान में उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए चित्रकूट उत्तरप्रदेश स्थित विशेष विद्यालय में प्रवेश लेकर अध्ययन जारी रखा है। पढ़ाई में डिजिटल सहयोग हेतु उन्होंने जिला समाज कल्याण कार्यालय में निःशुल्क मोबाइल के लिए आवेदन किया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते उन्हें मोबाइल प्रदान किया गया।

## चखना दुकानें बढ़ा रही परेशानियां, चौराहे पर गति नियंत्रण का प्रबंध नहीं

# अनियंत्रित रफ्तार से चौराहा बना हादसों का ब्लैक स्पॉट, खतरे में लोगों का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के व्यस्ततम मार्गों में शुमार गंडई से जिला मुख्यालय खैरागढ़ को जोड़ने वाला मार्ग में नहर नाली के पास का चौराहा वर्तमान में जानलेवा साबित हो रहा है। नहर नाली के पास स्थित इस चौराहे पर वाहनों के भारी दबाव और अनियंत्रित गति के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से इस स्थल पर तत्काल बैरिकेड्स और गति नियंत्रक बोर्ड लगाने की मांग की है।

गंडई से केसीजी जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर लगातार वाहनों की आवाजाही जारी रहती है। इस चौराहे की व्यस्तता का आलम यह है कि यहां से न केवल हजारों की संख्या में मदिराप्रेमी मदिरालय की ओर रुख करते हैं, बल्कि दूसरी ओर ठंडार पहुंच मार्ग पर संचालित दर्जनों चखना दुकानों और चिकन मार्केट की वजह से शाम होते ही यहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है। इसके अलावा पास ही कृषि उपज मंडी जाने का भी मार्ग है जहां हर सुबह थोक सब्जी मार्केट लगने के कारण बड़ी तादाद में मालवाहक वाहनों और किसानों की आवाजाही होती है। मुख्य मार्ग होने के कारण छोटी-बड़ी यात्री बसें और भारी वाहन भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। इन तमाम कारणों से यह स्थान बेहद संवेदनशील हो गया है।



**प्रयास किया जाएगा**

एसडीओपी मानक राम कश्यप ने बताया कि कितने स्टॉपर है यह टीआई से पूछना पड़ेगा। उस हिसाब से बेरिकेट्स लगाए जा सकते है।

**हादसों ने दिया दर्द**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इसी मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में कई परिवारों ने अपनों को खो दिया है। सड़क हादसों के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त चौराहे पर स्थाई रूप से बैरिकेड्स लगाए जाएं ताकि वाहनों की गति पर अंकुश लग सके। साथ ही चालकों को सचेत करने के लिए तय समय-सीमा और गति सीमा के संकेतक बोर्ड लगाने की आवश्यकता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए, तो आने वाले समय में यह चौराहा किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता है।

## विपक्ष ने महिलाओं की उम्मीदों पर फेरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

जिला भाजयुमो के मंत्री चेतन साहू ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के रुख की आलोचना किया है।



- महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही थी सरकार
- विपक्ष ने महिलाओं के भविष्य पर किया हमला

उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम था, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसके खिलाफ मतदान कर देश की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों को तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य पर सीधा प्रहार है। देश जब महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा था, तब विपक्ष ने इस अवसर को कमजोर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सम्मानजनक स्थान देने का प्रयास था। महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध किया जाता है तो यह स्पष्ट है कि विपक्ष महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर गंभीर नहीं है।

### गौठान में चेकर्स टाइल्स का भूमिपूजन

**अंबागढ़ चौकी।** नगर के वार्ड 6 एवं 7 कान्हे नगर के नागरिकों की मांग पर नगरीय निकाय ने कान्हे गौठान में पांच लाख की लागत से चेकर्स टाईल्स लगाने की शुरूवात की है। इस गौठान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजित होते है इसलिए वार्डवासी चेकर्स टाइल्स या फ्लोरिंग कराने की मांग कर रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने षुक्रवार को चेकर्स टाईल्स लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के अवसर पार्षद विनोद डेहरिया, गोपीचंदा देवांगन, मुकेश सिन्हा, देवचंद पटेल, सिरोतन देवांगन, राजू देवांगन, कौशल देवांगन, सुजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



## पालिका के प्लेसमेंट कर्मी को कुत्ते ने काटा



- अधिकारियों ने नहीं कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारियों को बिना सुविधा मुहैया कराए कुत्ता पकड़ने की डयुटी लगाई गई है। गत दिनों एक कर्मचारी को कुत्ते ने काट दिया। घटना के बाद अधिकारियों ने इलाज कराना तो दूर उसे उसके हाल पर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कर्मचारी सुमित डकहा की डयूटी कुत्ता पकडने के लिए लगाई गई थी। भगत सिंग चौक में उसे कुत्ते ने काट दिया। घायल कर्मचारी को पार्षद अमित जैन ने उसे निजी क्लीनिक में इलाज के लिए भेजा। पर्याप्त सुविधा के अभाव में डॉक्टर ने उसे शासकीय अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद न तो सफाई ठेकेदार ने घायल सुमित डकहा की मदद की और न ही जवाबदार अधिकारी ने सुध लिया।

## किसान कांग्रेस में पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

राजमहल मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में जिला किसान कांग्रेस कमेटी का गठन जिला अध्यक्ष देवराज किशोर दास के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए सम्मान किया गया। किसान कांग्रेस में उपाध्यक्ष दीपक वैष्णव, तौहीद खान, केशव मिश्रा, दयालु वर्मा, दुर्गेश साहू और मोहन वर्मा को नियुक्त किया गया।

महासचिव पद पर गिरधारी वर्मा, रसीदलाल साहू और गोपी वर्मा को जिम्मेदारी दी गई। वहीं ललित सूर्यवंशी, संदेश वर्मा और शत्रुघ्न नेताम को संयुक्त महासचिव बनाया गया। मुकुंद साहू और सोनू धुर्वे को जिला सचिव तथा जयराम मंडावी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में किसानों के साथ फर्जीवाड़ा हो रहा है। बिना जानकारी के किसानों के खातों से ऋण निकाला जा रहा है। उन्होंने पदाधिकारियों से सभी सोसायटियों में जांच करने का आह्वान किया।



**किसान कांग्रेस करेगी आंदोलन**

जिला किसान कांग्रेस ने डोकराभांठा क्षेत्र की सोसायटी में करोड़ों के कथित फर्जीवाड़े को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में कलेक्टर को शिकायत भी सौंपी गई है। अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय हुआ है और इसकी विस्तृत जानकारी जुटाकर आंदोलन किया जाएगा।और 51 सोसायटियों में जांच की मांग करते हुए जानकारी ली जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि किसान हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

**जनहित को लेकर होगा आंदोलन**

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास ने बधाई देते हुए किसानों के अधिकारों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संचालन सज्जाक खान ने किया। इस दौरान गजेंद्र ठाकरे, मिहिर झा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग की सुस्ती से शराब का अवैध धंधा

**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने की सुविधाएं देने वालों के हौसले बुलंद हैं। जहां एक ओर आबकारी विभाग सोया है, वहीं पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

गंडई पुलिस की टीम ने पिछले एक सप्ताह में टाउन से लेकर देहात तक कई ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की मुस्तैदी का अंदाजा इन मामलों से लगाया जा सकता है जिसमे 17 अप्रैल को ठंढार रोड नहर नाली के पास चखना दुकान की आड़ में शराब पिला रही करुणा निषाद को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। मौके से देशी शराब, खाली शीशियां और डिस्पोजल गिलास बरामद किया गया। इसी क्रम में 16 अप्रैल को लिमो में ठेला लगाकर मधुशाला चलाने वाले चंदन पारधी पर कार्रवाई की गई। इसके पहले 15 अप्रैल को गंडई के मुख्य चौक बेखौफ शराब पिला रहे दीपक शर्मा को गिरफ्तार किया गया। 14 एवं 11 अप्रैल को ठंढार रोड पुलिया और शराब भट्टी रोड के पास राजेश पटेल एवं बहाल उर्फ बहादुर को अवैध रूप से लोगों को शराब परोसते हुए पकड़ा गया।

**माहौल हो रहा खराब**

प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री और चखना सेंटरों की बाढ़ आ गई है। नियमानुसार इन पर लगाम कसने की जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है, लेकिन विभाग की निष्क्रियता के कारण गली-मोहल्लों का माहौल खराब हो रहा है।

## मुरूम-मिट्टी का खनन लगातार जारी

### राजस्व का नुकसान, बिगड़ रही भौगोलिक स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्म नगरी में अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग के साथ राजस्व विभाग अवैध उत्खनन रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। विकासखंड अंतर्गत संडी नाला कन्हारगांव, ढारा मुसरा, मोहारा, भानपुरी, रेंगाकठेरा, पारागांव, मेंढा, गाजमर्रा, मुरमुंदा, चन्द्रगिरि, बधियाटोला खार में मशीनों ने अवैध खनन किया जा रहा है। आष्चर्य की बात यह है कि गत दिनां विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मौके पर पहुंचकर शासकीय जमीनों पर हो रहे खनन का जायजा लिया था। उन्होंने इसके लिए राजस्व अमले को आडे हाथ लिया था।



**सरकारी काम में खपा रहे अवैध मुरूम**

वर्तमान में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से स्वीकृत करोडो के कार्य किए जा रहे है जिसमे मुरूम, मिटटी के अलावा बोल्डर, रेत आदि का उपयोग किया जा रहा है। प्रभावशाली लोगों द्वारा चोरी के मटेरियल को सरकारी काम में खपाया जा रहा है।

## दिखावे के लिए सड़क मरम्मत कराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- जर्जर सड़क से लोगों को आवाजाही करने में परेशानी
- विभाग की कार्यप्रणाली से नाराजगी

सड़कों की मरम्मत एवं नई सड़क के निर्माण में अनियमितता के मामले सामने आने के बाद भी सुधार नहीं होने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

ग्राम पंचायत अछोली बगदईपारा से लगे मुख्यमार्ग नागतराई हरनसिंघी तक सडक मरम्मत कराया गया है। छह किमी इस मार्ग के निर्माण की मांग लोगों द्वारा 15 साल से की जा रही थी। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के दबाव में राज्य सरकार ने केवल मरम्मत कराने की अनुमति दी है जबकि गांव वाले नई सडक बनाने की मांग कर रहे थे। इस गांव से लगभग 200 छात्र छात्राएं स्कूल आते है तथा लगभग 200 से 250 लोग शहर में काम करने आते है। लोक निर्माण विभाग ने सडक मरम्मत तो किया है लेकिन 6 किमी सड़क में महज एक किलो मीटर तक मरम्मत कराया है। बीच बीच डामर का लेप डाला गया थ जो उखडने लगा है। आधी ये ज्यादा सडक जर्जर स्थिति में है। ग्राम के जानू, महेश, रोहित कुमार, चंद्रेश, अश्वनी, तीरथ, विजय कुमार, लोकेश, श्यामलाल, रामकुंवर, जयप्रताप सहित अन्य बताया कि लोक निर्माण के अधिकारियों ने मरम्मत के नाम पर केवल खाना पूर्ति किया है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासन के निर्देशानुसार आगामी जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु नगर पंचायत गंडई में तैयारी शुरू कर दी गई है। मकान सूचीकरण और मकानों की गणना हेतु नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नगर पंचायत के सभाकक्ष में किया गया।

प्रशिक्षण के पहले दिन नगर चार्ज अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी अविनाश देवांगन ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने जनगणना के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रगणकों से अपील की कि वह घर-घर जाकर मकानों की जानकारी, उपलब्ध सुविधाओं और मूलभूत आंकड़ों का संकलन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें।




**गंभीरता से काम करने के निर्देश**

मास्टर ट्रेनर पवन कुमार ददरिया और त्रिभुवन चन्द्राकर ने प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण, स्व-गणना की कार्यप्रणाली, भवनों की संख्या और नज़री नक्शा तैयार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। गणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों को सही तरीके से भरने का व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रगणकों को निर्देश देते हुए कहा कि गणना के दौरान नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण और व्यवहारिक रुख अपनाएं, ताकि जानकारी संकलन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। शेड्यूल के अनुसार मकान सूचीकरण कार्य 16 अप्रैल से 30 मई तक किया जाना निर्धारित है। इस अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी और बड़ी संख्या में शिक्षक एवं प्रगणक उपस्थित थे।

## घोषणा के बाद भी बस स्टैंड का निर्माण नहीं

- वनांचल के लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

वनांचल क्षेत्र को जब जिला का दर्जा दिया गया तब लोगों को उम्मीद थी कि क्षेत्र का तेजी से विकास होगा और उन्हे नई सुविधाएं मिलेगी। बीते सालों में नेताओं ने कई घोषणाएं तो की लेकिन उन पर अब तक अमल नहीं हो सका है जिससे वनांचल की तस्वीर पहले जैसी ही है।

जानकारी के अनुसार करीब छह साल पहले मानपुर में बस स्टैंड निर्माण की घोषणा हुई थी। इस घोषणा पर अमल नहीं होने के बाद हाल के दिनों एक बार फिर अंतर राज्यीय बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की गई किन्तु निर्माण की पहल अब तक नहीं हो सकी है। घोषणा के बाद स्थानीय ग्राम पंचायत ने भवन व शौचालय बनाकर काम को इति श्री कर लिया। बस स्टैंड निर्माण की घोषणा ठंडे बस्ते में नजर आ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि नेशनल हाईवे क्रमांक 930 पर स्थित ब्लाक मुख्यालय में बस स्टैंड का निर्माण होने से सुविधा होगी साथ ही व्यापारियों को भी लाभ होगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### थाना में शिकायत दर्ज



**राजनांदगांव।** शहर के भदौरिया चौक स्थित ऋषभ टावर में चप्पल-जूते रखने और थूकने के स्थान पर देवी-देवताओं की तस्वीरें लगाने के मामले ने धार्मिक भावनाओं को भड़का दिया है। हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव ने इस कृत्य को निंदनीय बताते बसंतपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार देवी-देवताओं की तस्वीरें लगाना सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इससे समाज में आक्रोश फैल रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल उक्त तस्वीरें हटाई जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शिकायत दर्ज कराने के दौरान मंच के कार्यकर्ता प्रवीण शर्मा, जुगल गुप्ता, हेमलाल ढीमर, ऋषभ मल सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन से अपील की कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने कड़े कदम उठाए जाएं। हिंदू जागरण मंच ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन द्वारा व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

### प्रशासनिक नियमों को किया जा रहा दरकिनार

# क्षेत्र में अवैध लाल ईंटों का बढ़ रहा कारोबार, काट रहे हरे भरे पेड़ों को

## ईट भट्ठों की जांच किया जाना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में बिना किसी वैध दस्तावेज के लाल ईंट भट्ठों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विभागीय उदासीनता के कारण लाल ईंटों का कारोबार बेखौफ चल रहा है। जानकारी मुताबिक लाल ईंट भट्ठों को चलाने के लिए राजस्व, खनिज, वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुमति आवश्यक है परन्तु ईंट भट्ठो के संचालक प्रशासनिक नियमों को दरकिनार कर ईंट भट्ठा चला रहे हैं। हरे भरे वृक्षों को काट कर लकड़ी भट्ठों में खपाया जा रहा है। भट्ठों से उठने वाला धुआं वायु प्रदूषण को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सभी गांव में थोक में आवास बनाया जा रहा है जिसके लिए लाल ईंटों की मांग लगातार बढ़ रही है। लोगों की मांग और मुनाफा को देखते हुए क्षेत्र में लाल ईंट भट्ठों की संख्या बढ़ते जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि विभाग द्वारा इन ईंट भट्ठों की जांच किया जाना चाहिए। अवैध होने पर कार्रवाई किया जाना चाहिए।



### टैक्टर ट्राली का उपयोग

ईंट भट्ठों से पके हुए ईंट एवं कच्चा माल को ट्रैक्टर ट्राली से दुलाई किया जाता है। उल्लेखनीय है कि टैक्टर ट्राली किसानों के कृषि कार्यों में सहायक यंत्र है। जिसे विभिन्न कर से मुक्त रखा गया है। तथा जो नॉन कामर्शियल वाहन है जबकि ईंट भट्ठों में इसे कमर्शियल वाहन के रूप में प्रयोग किया जाता है। जिसे माल भर का सड़क पर दौड़ते देखकर भी विभाग द्वारा रोका नहीं जाता है। कई दफा ईंट से भरे वाहन दुर्घटना का कारण बन जाते है।

### बढ़ रहा तापमान

पहले तेज गर्मी में शहरो की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों का तापमान कम रहता था। जिसका प्रमुख वजह गांव एवं गांव के चारों ओर खेतों में हरे भरे पेड़ लगे होते थे। भीषण गर्मी में भी लोग पेड़ के छाय में सुकुन महसुस करते थें परन्तु हरे भरे पेड़ों की कटाई से ग्रामीण क्षेत्र का तापमान भी बढ़ गया है।

### वृक्षों की कटाई

फसल कटाई के बाद से क्षेत्र के खेतों में बिना किसी विभागीय अनुमति के हरे भरे पेड़ों को काटा जाता है और पेड़ों की लकड़ी को ईंट भट्ठों में खपाया जाता है। बीते कुछ साल में ही खेतों की ओर लगे पेड़ों की संख्या आधा से भी कम हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ईंट भट्ठों के संचालक किसानों को कुछ पैसों का लालच देकर खेतों में लगे पेड़ों को काट लेते है। कभी कभी किसान को बताए बिना ही रातों रात पेड़ को काट लेते है।

# पानी, सफाई बदहाल कांग्रेस ने खोला मोर्चा

## तपिश में फूटा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भीषण गर्मी और चालीस पार डिग्री के बीच शहर से सटे लालपुर वार्ड में पानी और सफाई की बदहाल व्यवस्था को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर शहर कांग्रेस पदाधिकारियों ने वार्ड का दौरा कर जमीनी हकीकत जानी और वार्डवासियों की समस्या सुनी। शहर अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन और नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन के नेतृत्व में पहुंची टीम के सामने लोगों ने खुलकर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि पेयजल संकट गहराया हुआ है। घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा जिससे भीषण गर्मी में हालात और भी मुश्किल हो गया है। महीनों से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गंदगी और बदबू से परेशानी हो रही है, जगह-जगह कचरा का ढेर लग गया है। सार्वजनिक शौचालय में बिजली नहीं होने के कारण रात में उपयोग करना जोखिम भरा हो गया है जहां सांप-बिच्छू का डर बना रहता है।

### पार्षद पर लगाया निष्क्रियता का आरोप

वार्डवासियों ने भाजपा पार्षद पर निषक्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पा रहा और आवेदन महीनों से लंबित है। लोगों ने लालपुर एनीकट में पानी भराने कांग्रेस के प्रदर्शन पर आभार जताया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस लगातार वार्डों का दौरा कर रही है और समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ पुनीत वर्मा से फोन पर चर्चा कर व्यवस्था सुधारने कहा गया है।

### जनहित में आंदोलन जारी रहेगा

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने नपा प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं जिन्हें जगाने कांग्रेस मैदान में उतरी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक पानी, सफाई और शौचालय में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा बहाल नहीं होती। कांग्रेस का जनहित आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस दौरान रविंद्र सिंह गहरवार, शेखरदास वैष्णव, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, कन्हैया रजक, यतेंद्रजीत सिंह, विनोद यादव, नोहर मरकामड़े, मंचू निषाद, देवशरण जोशी, भूपेंद्र जोशी, अशोक मेंद्र, किशोर बारले, कृपाराम सहित अन्य मौजूद थे।

# ढाबों में बिक रही बियर, गांव में छलक रहे जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम चिरचारी और चारभाठा इन दिनों अवैध शराब की कारोबार की गिरफ्त में हैं। लंबे समय से निर्बाध गति से चल रहे इस काले कारोबार ने शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। यह पूरा अवैध धंधा हाईवे के ढाबों, किराना दुकानों, पान ठेलों और रिहायशी मकानों में संचालित हो रहा है, जिस पर प्रशासन अंकुश लगाने में विफल साबित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चारभाठा में स्थिति चिंताजनक हो गई है। यहाँ सुबह और शाम तक शराबी खुलेआम शराब का सेवन करते नजर आते हैं। चारभाठा चौक के पास नशाखोरी ने स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए असुरक्षित माहौल पैदा कर दिया है।सड़क चिरचारी के फत्तेगंज स्थित पंचवटी वन में संदिग्ध गतिविधियाँ और लोगों का जमावड़ा देखा जा रहा है। हाईवे के ढाबों और गांवों के भीतर पान ठेलों की आड़ में चल रहे इस गौरखधंधे पर पुलिस की सक्रियता न के बराबर है।

### नशे के धंधे ने जमाया पैर




नशा का कारोबार काफी समय से अपनी जड़ें जमा चुका है। घरों और दुकानों में शराब की अवैध बिक्री स्पष्ट है कि अधिकारी जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर रहे हैं। सालों से चल रहे इस व्यापार पर अंकुश न लग पाना प्रशासनिक तंत्र की विफलता को दर्शाता है। इस मामले में पुलिस प्रशासन का ढुलमुल रवैया चिंताजनक पहलू है। लोगों के बीच यह धारणा प्रबल हो रही है कि पुलिस की गश्त केवल मुख्य सड़कों तक सीमित है, जबकि गांवों के भीतर और ढाबों के पीछे चल रहे इस कारोबार को अनदेखा किया जा रहा है। पुलिस की उदासीनता के कारण शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### पुलिस कर रही खानापूर्ति

हाइवे के ढाबों में अवैध शराब के साथ बियर आदि आसानी से उपलब्ध हो रही है। पुलिस गश्त की खानापूर्ति और ठोस कार्रवाई के अभाव में इस धंधा लगातार बढ़ रहा है जिससे जनता के बीच गहरा असंतोष है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य चौक और ढाबों जैसे चिन्हित स्थानों पर खुलेआम नशा बिक और पिया जा रहा है, तो जिम्मेदार अधिकारी इस पर मौन क्यों हैं?

### मुढ़ीपार को प्लास्टिक मुक्त बनाने का लिया संकल्प



**खैरागढ़।** ब्लाक के सबसे बड़े ग्राम पंचायत मुढ़ीपार मे ग्राम सभा ने संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की जयंती मनाई। सरपंच कुमेश साहू की अध्यक्षता मे आयोजित ग्राम सभा मे भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के 165 जन्म जयंती पर माल्यार्पण किया गया। पंचायत सचिव भागवत साहू ने जनवरी से मार्च तक पंचायत के आय-व्यय की जानकारी दी। ग्राम सभा प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग के कार्य, स्वच्छता अभियान, पेयजल व्यवस्था, सडक मरम्मत, अटल समरसता भवन मरम्मत और विद्युत समस्या पर विस्तार से चर्चा बाद वर्ष 26-27 के लिए जीपीडीपी हमर गांव हमर योजना अंतर्गत प्राथमिकता वाले कार्यों का चयन किया गया, जिसमें नाली निर्माण, सीसी रोड, सामुदायिक भवन मरम्मत, स्कूल परिसर सुधार, आंगनबाड़ी भवन व्यवस्था, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था तेलीन तालाब उद्यान, नवीन महाविद्यालय के लिए स्थल चयन, आवारा पशुओं के प्रबंधन को प्राथमिकता से शामिल किया गया वही अलग अगल योजनाओ के पात्र हितग्राहियों के नामों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में ग्राम स्वच्छता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण व प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने विकास कार्यों में सहयोग करने की सहमति दी।

### वाईडनर स्कूल का परीक्षा परिणाम 99.9 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम 99.9 फीसदी रहा। परीक्षा में शाला के 106 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें दर्श महोबिया ने 94.2 प्रतिशत, वेदिका खेमानी ने 94 फीसदी और दक्षता साहू ने 92.4 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा में सफलता हासिल किया। इसी प्रकार याशिका गिड़वानी ने 91.4, शालिनी त्रिशा लाल ने 91, देविका दीवान ने 90.8, गरिमा सिंह ने 90.2 फीसदी अंक प्राप्त किए।

शाला के मैनेजर फादर जोसेफ राज, प्राचार्य फादर टी. अमलसीलन एवं शाला परिवार ने 10वीं के सभी कामयाब छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा




**खैरागढ़।** जिला पंचायत सहकारिता व उद्योग स्थाई समिति की बैठक सभापति जमुना नरेश कुर्रे की अध्यक्षता और समिति सदस्य हेमलता मंडावी, ललित चोपड़ा सहित उद्योग, सहकारिता, खाद्य, जिला विपणन व मछली पालन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी मे हुई। बैठक में पिछले सत्र में हुई धान खरीदी व समितियों में हुए धान शॉर्टेज के संबंध में चर्चा हुई। सहकारिता व जिला विपणन कार्यालय के अधिकारियों ने सदस्यों को इस विषय में नियमों और प्रावधानों की जानकारी दी। खाद्य विभाग द्वारा जिले में एपीएल, बीपीएल श्रेणी अंतर्गत किए जा रहे खाद्यान्न वितरण पर सदस्यों के प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया गया। मछली पालन विभाग के अधिकारी ने जिले में संचालित मछली पालन समितियों और उन्हें दिए जा रहे अनुदानों की जानकारी साझा की। बैठक में सदस्य सचिव व महाप्रबंधक उद्योग विभाग प्रणय बघेल ने जिले में औद्योगिक विकास के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दो उद्योगपतियों द्वारा संभावित भूमि का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित उद्योगों के लिए कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने कौशल विकास विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही यह बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की अवधि 30 सितंबर 26 तक बढ़ा दी गई है। समिति अध्यक्ष सहित सदस्यो ने योजना अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण तैयार करने पर जोर दिया।

### नवीन समिति का जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# सहकारिता को मजबूत करने पांडुका में नवीन सहकारी समिति का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कृषि क्षेत्र में सहकारिता को मजबूत करने और किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में ब्लाक के पांडुका मे नवीन सहकारी समिति का विधिवत शुभारंभ जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में ऋषभ सिंह, संजय पारख, मुकेश वर्मा और राजेश वर्मा सहित किसान प्रतिनिधियों के रूप में बिसाहू वर्मा, रवि वर्मा, नकुल वर्मा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। मुख्य अतिथि आयश सिंह बोनी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर के किसान तक सुविधाओं को पहुँचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई समिति पांडुका क्षेत्र के कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होगी। अब उन्हें खाद-बीज और अन्य कृषि कार्यों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी होगी।




### पांच गांव के 832 किसानों को मिलेगा लाभ

नवीन समिति के गठन से क्षेत्र के भौगोलिक ढांचे में बड़ा बदलाव आएगा। समिति मे पांडुका सहित चार गॉव सलिहा, कौडिया, नवागांव, मुतेड़ा को शामिल किया गया है। समिति से कुल 832 किसान पंजीकृत है। जिसमे महिला 229 और पुरुष 603 मिलाकर कुल 832 किसान लाभान्वित होंगे। समिति के सुचारू संचालन के लिए प्रभारी प्रबंधक राजू पटवा, चपरासी लोमेश साहू, चौकीदार नीलकंठ यादव को नियुक्त किया गया हैं। समिति खुलने से उत्साहित किसानो ने कहा कि पहले उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए दूर के केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी लेकिन अब पांडुका में ही समिति होने से बैंकिंग, ऋण सुविधा और खाद-बीज का वितरण सुगम हो जाएगा।

॥ श्रद्धांजलि ॥



**स्व. प्राकृत शरण सिंह**

जन्म जयंती - 18/11/1980
निर्वाण - 20/04/2021

वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्वर्गीय प्राकृत शरण जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। पत्रकारिता में आपकी निष्पक्षता, सामाजिक सरोकारों के प्रति आपकी सजगता और मानवीय मूल्यों के प्रति आपकी आस्था सदैव स्मरणीय रहेगी।

वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्वर्गीय प्राकृत शरण जी की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सेवा कार्य इस पुण्य अवसर पर समाजहित एवं मानव सेवा के उद्देश्य से निम्न

**कार्यक्रम आयोजित**
किये जा रहें हैं

**जिला अस्पताल, खैरागढ़**
मरीजों को पौष्टिक आहार वितरण

**वृद्धाश्रम, खैरागढ़**
वृद्धजनों को विशेष आहार वितरण

**श्री रूख्खड़ स्वामी गौ सेवा विहार**
गौवंशों को फल एवं हरा चारा (आहार) वितरण

“शब्दों का प्रहरी, सच का था वह सिपाही, कलम की धार में बसती थी जन की गवाही।
अखबार की पंक्तियों में जो जीवन भर बोले, वो आज भी हर दिल में अमिट अक्षर घोले।
कम उम्र में ही पहचान बड़ी गढ़ गए, हर अन्याय के आगे निर्भीक अड़ गए।
धीरज था नाम, और स्वभाव भी वैसा ही, संयम, साहस, और व्यक्तित्व अद्वितीय जैसा ही।
दादाजी स्व. लाल शरण सिंह की गहरी छाप लिए, संस्कारों की विरासत को हृदय में संजोए जिए।
पिता स्व. चक्रधर शरण सिंह की शालीनता का सार, उनके आचरण में दिखता था हर बार।
जन मुद्दों की आवाज़ को स्वर उन्होंने दिया, सच्चाई को मंच और सम्मान उन्होंने दिया।
कलम को बनाया जनता का एक आधार, हर पीड़ा को लिखा, हर दुख किया उजागर।
सरल हृदय, करुणा से परिपूर्ण उनका जीवन, दान में ही पाया उन्होंने सच्चा संतोष-चिन्ह।
रक्तदान हो या शिक्षा का उजियारा, हर जरूरतमंद के लिए खुला रहा उनका द्वारा।
अपनों से प्रेम का था अनुपम उनका रिश्ता, प्रख्या और कृति में बसता था उनका ही अंश सच्चा।
नाम के अंशों में भी स्नेह की छाया दी, जीवन में ही प्रेम की विरासत अमिट बना दी।
“नई शुरुआत” से सेवा का दीप जलाया, लोक कल्याण का हर संकल्प निभाया।
वाणी में स्पष्टता, विचारों में प्रखरता, ऐसी थी उनकी अद्भुत कर्मनिष्ठा।
आज भी हर शब्द में उनकी गूंज सुनाई देती है, हर याद में उनकी छवि मुस्कुराती रहती है।
वे गए नहीं, बस रूप बदलकर ठहर गए, हर जन-मन में अमर होकर बस गए।”

आपकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि
शत शत नमन...

आप सभी से विनम्र आग्रह है कि इस सेवा कार्य में सहभागिता कर पुण्य के भागी बनें एवं स्व. प्राकृत शरण जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

**खबर संक्षेप**

## भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित



**कोलेगांव।** क्षेत्र में बढ़ती गर्मी ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। भीषण गर्मी के बीच तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण आम जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते सुबह 9 बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं दोपहर के समय शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग केवल जरूरी काम होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। जिस पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लू से बचाव के लिए लोगों को घर में रहने, पर्याप्त पानी पीने, नींबू पानी का सेवन करने और हल्का भोजन करने की सलाह दी गई है।

### छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया

# कवर्धा में प्रेमी युगल की संदिग्ध मौतः घर में फांसी पर लटके मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक प्रेमी युगल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना पांडातराई थाना क्षेत्र के जंगलपुर गांव की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। मृतकों की पहचान रामलाल चंद्रवंशी और रीना चंद्रवंशी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों पहले से विवाहित थे, लेकिन करीब चार वर्ष पूर्व अपने-अपने परिवार को छोड़कर एक-दूसरे के साथ भागकर विवाह कर लिया था। बताया जा रहा है कि दोनों के पूर्व विवाह से दो-दो बच्चे हैं, जिन्हें छोड़कर वे रायपुर में रह रहे थे।

पुलिस के अनुसार, लगभग एक माह पूर्व ही दोनों जंगलपुर गांव लौटे थे और यहां किराया भंडार का काम कर जीवनयापन कर रहे थे। घटना के दिन दोनों अपने घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले, जिससे पूरे गांव में दहशत और सनसनी फैल गई। पांडातराई थाना प्रभारी कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। आर्थिक तंगी और सामाजिक दबाव जैसे पहलुओं को भी जांच में शामिल किया गया है। महिला के घर से कम बाहर निकलने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

**दोनों के पूर्व विवाह से दो-दो बच्चे है**





घटना से जुड़े प्रमुख तथ्य चार साल पहले भागकर की थी शादी दोनों मृतक पूर्व में विवाहित थे और करीब चार वर्ष पहले अपने-अपने परिवार को छोड़कर साथ रहने लगे थे। दो-दो बच्चों को छोड़कर रह रहे थे अलग दोनों के पहले विवाह से दो-दो बच्चे हैं, जिन्हें छोड़कर वे रायपुर में रह रहे थे। एक माह पहले गांव लौटे थे प्रेमी युगल हाल ही में जंगलपुर गांव वापस आया था और किराना भंडार का कार्य कर रहा था। आर्थिक तंगी का संदेह प्रारंभिक जांच में आर्थिक परेशानी को संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हर पहलू से जांच जारी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# आबकारी विभाग की सुस्ती से शराब का अवैध धंधा

**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने की सुविधाएं देने वालों के हौसले बुलंद हैं। जहां एक ओर आबकारी विभाग सोया है, वहीं पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

गंडई पुलिस की टीम ने पिछले एक सप्ताह में टाउन से लेकर देहात तक कई ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की मुस्तैदी का अंदाजा इन मामलों से लगाया जा सकता है जिसमे 17 अप्रैल को ठंढार रोड नहर नाली के पास चखना दुकान की आड़ में शराब पिला रही करुणा निषाद को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। मौके से देशी शराब, खाली शीशियां और डिस्पोजल गिलास बरामद किया गया। इसी क्रम में 16 अप्रैल को लिमो में ठेला लगाकर मधुशाला चलाने वाले चंदन पारधी पर कार्रवाई की गई। इसके पहले 15 अप्रैल को गंडई के मुख्य चौक बेखौफ शराब पिला रहे दीपक शर्मा को गिरफ्तार किया गया। 14 एवं 11 अप्रैल को ठंढार रोड पुलिया और शराब भट्टी रोड के पास राजेश पटेल एवं बहाल उर्फ बहादुर को अवैध रूप से लोगों को शराब परोसते हुए पकड़ा गया।

**माहौल हो रहा खराब**

प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री और चखना सेंटरों की बाढ़ आ गई है। नियमानुसार इन पर लगाम कसने की जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है, लेकिन विभाग की निष्क्रियता के कारण गली-मोहल्लों का माहौल खराब हो रहा है।

## योजनाओं का किया प्रचार



**बेलगांव।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने गत दिनों मुसरा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ और समस्याओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सरपंच गायत्री टेंभुलकर, शिवकुमार, दिनेश वैष्णव, रूपलाल साहू, बलिराम साहू, जीवन साहू, लक्ष्मी नेताम, रेखा नेताम, रामबती निषाद, ज्योति यादव, मीराबाई, कलाबाई, भारती साहू, पीमला साहू, केसरी साहू, हंसना साहू, पूर्णिमा साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण समाज का उपनयन संस्कार आयोजन, 12 बटुकों का जनेऊ संस्कार सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज कवर्धा द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ सामूहिक उपनयन (जनेऊ) संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई। यह आयोजन शहर के छप्पन भोग रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ, जहां दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत 18 अप्रैल को मंडपाच्छादन, वास्तुपूजन, हरिद्रालेपन, शिक्षा-दीक्षा एवं मातृका पूजन संपन्न हुआ। वहीं 19 अप्रैल को विधिवत उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया गया। संस्कार उपरांत बटुकों की शोभायात्रा बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लोहारा रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर पहुंची। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर दंडी स्वामी पूज्य ज्योतिर्मयनंद महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में बटुकों को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। साथ ही कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा कु. अक्षया उपाध्याय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कुल 12 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। इनमें रामेश्वर तिवारी, हर्षित शर्मा, कृतज्ञ शर्मा, कृतार्थ शर्मा, सौम्य तिवारी, अमित पांडेय, पवन तिवारी, हर्ष तिवारी, अनमोल शर्मा, आशु शर्मा, मृत्युंजय दुबे एवं अनुराग पांडेय शामिल रहे। कार्यक्रम में आचार्य पंडित बिसाहू प्रसाद पांडेय, ओंकार प्रसाद दुबे एवं संतोष कुमार शर्मा ने वैदिक रीति से अनुष्ठान सम्पन्न कराया। इस दौरान सांसद निधि से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण एवं विप्र भवन उन्नयन कार्य का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय, उपमुख्यमंत्री प्रतिनिधि रश्मि शर्मा, समाजसेवी डॉ. पवन मिश्रा, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनीष तिवारी सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश पांडेय एवं पूनम तिवारी ने किया।

**भव्य शोभायात्रा से गूंजा शहर**

संस्कार उपरांत बटुकों की बारात रूपी शोभायात्रा गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। श्रद्धालुओं ने मार्ग में जगह-जगह स्वागत कर बटुकों को आशीर्वाद दिया, जिससे पूरे शहर में उत्सवी वातावरण बना रहा।

**जनेऊ संस्कार का महत्व बताया**

दंडी स्वामी ज्योतिर्मयनंद जी महाराज ने बटुकों को जनेऊ संस्कार के धार्मिक और सामाजिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने इसे जीवन में अनुशासन, शिक्षा और संस्कारों की शुरुआत का प्रतीक बताते हुए बटुकों को आदर्श जीवन जीने का संदेश दिया।

# दिखावे के लिए सड़क मरम्मत कराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

- जर्जर सड़क से लोगों को आवाजाही करने में परेशानी
- विभाग की कार्यप्रणाली से नाराजगी

सड़कों की मरम्मत एवं नई सड़क के निर्माण में अनियमितता के मामले सामने आने के बाद भी सुधार नहीं होने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

ग्राम पंचायत अछोली बगदईपारा से लगे मुख्यमार्ग नागतराई हरनसिंघी तक सडक मरम्मत कराया गया है। छह किमी इस मार्ग के निर्माण की मांग लोगों द्वारा 15 साल से की जा रही थी। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के दबाव में राज्य सरकार ने केवल मरम्मत कराने की अनुमति दी है जबकि गांव वाले नई सडक बनाने की मांग कर रहे थे। इस गांव से लगभग 200 छात्र छात्राएं स्कूल आते है तथा लगभग 200 से 250 लोग शहर में काम करने आते है। लोक निर्माण विभाग ने सडक मरम्मत तो किया है लेकिन 6 किमी सड़क में महज एक किलो मीटर तक मरम्मत कराया है। बीच बीच डामर का लेप डाला गया थ जो उखडने लगा है। आधी ये ज्यादा सडक जर्जर स्थिति में है। ग्राम के जानू, महेश, रोहित कुमार, चंद्रेश, अश्वनी, तीरथ, विजय कुमार, लोकेश, श्यामलाल, रामकुंवर, जयप्रताप सहित अन्य बताया कि लोक निर्माण के अधिकारियों ने मरम्मत के नाम पर केवल खाना पूर्ति किया है।

## प्रार्थना शेड का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत पाटेकोहरा, महाराजपुर, रामपुर की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में प्रस्तावित प्रार्थना शेड का भूमिपजन जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। इस दौरान जिपं सदस्य अनिता मंडावी, बीरम मंडावी, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, रेखा गंधर्व, अशोक मरकाम, सूरज डडसेना मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिंहा ने कहा कि प्रार्थना शेड के निर्माण से बच्चों को धूप, बारिश और ठंड में राहत मिलेगी। प्रार्थना के लिए सुरक्षित व्यवस्थित और सम्मानजनक स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर महेंद्रसिंह चंद्रवंशी, उमेंद कंवर, राजेश्वर ध्रुवे, कन्हैया साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# कबीरधाम नामदेव समाज के पदाधिकारियों से मिले सांसद संतोष पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के नामदेव समाज के लिए आज का दिन अत्यंत हर्ष और गौरव का रहा। नामदेव कल्याण समिति कबीरधाम के जिलाध्यक्ष अभिताभ नामदेव के मार्गदर्शन में समाज के पदाधिकारियों ने सांसद संतोष पाण्डेय से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद का आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान सांसद संतोष पाण्डेय ने समाज के प्रति निरंतर सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। विशेष रूप से, उन्होंने नामदेव समाज के सांस्कृतिक विकास के लिए 3 लाख की राशि प्रदान की है, जिसके लिए समाज ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि पूर्व में सांसद ने नामदेव सामाजिक भवन का दौरा कर समाज के कार्यों से प्रभावित होकर भवन के पास एक सांस्कृतिक मंच निर्माण की घोषणा की थी। अब इस घोषणा को मूर्त रूप देते हुए निर्माण कार्य हेतु राशि नगरपालिका को भेज दी गई है। जल्द ही इस सांस्कृतिक मंच का निर्माण पूर्ण होगा, जिससे समाज के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नई गति और सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर संरक्षक अशोक नामदेव, जिला सचिव कैलाश नामदेव, कोषाध्यक्ष विजय नामदेव, सह सचिव हेमंत नामदेव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वही जिला सचिव कैलाश नामदेव ने कहा कि समाज के विकास में सभी साथियों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने बताया कि यह जिले का पहला स्वयं का सामाजिक भवन है, जो समाज के सतत प्रयास और सकारात्मक कार्यों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। सांसद के सहयोग से कबीरधाम क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने के साथ समाज को एक सशक्त मंच प्राप्त होगा, जिसका लाभ सभी सामाजिक भाई-बहनों को मिलेगा।

# मुरूम-मिट्टी का खनन लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



धर्म नगरी में अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग के साथ राजस्व विभाग अवैध उत्खनन रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। विकासखंड अंतर्गत संडी नाला कन्हारगांव, ढारा मुसरा, मोहारा, भानपुरी, रेंगाकठेरा, पारागांव, मेंढा, गाजमर्रा, मुरमुंदा, चन्द्रगिरि, बधियाटोला खार में मशीनों ने अवैध खनन किया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि गत दिनां विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मौके पर पहुंचकर शासकीय जमीनों पर हो रहे खनन का जायजा लिया था। उन्होंने इसके लिए राजस्व अमले को आडे हाथ लिया था।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का किया वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन से प्रदेश की नवगठित 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसके अंतर्गत कवर्धा जिले की 48 समितियों का भी शुभारंभ हुआ। उन्होंने इसे प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह कदम ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन नई समितियों के शुरू होने से अब पूरे प्रदेश में सहकारी समितियों की संख्या बढ़कर 2 हजार 573 हो गई है। उन्होंने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक और सहकारिता के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा दे रही है, ताकि गांव और किसान समृद्ध बन सकें। भालूचुआ गांव में शुभारंभ किया भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने बताया कि अब पैक्स समितियां बहुउद्देश्यीय सोसायटी के रूप में कार्य करेंगी, जिससे किसानों को खाद, बीज और अल्पकालीन ऋण जैसी सुविधाएं उनके गांव में ही उपलब्ध होंगी साथ ही धान बेचने की प्रक्रिया भी आसान होगी और किसान अपनी नजदीकी समिति में ही धान बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले से कार्यरत 2058 समितियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कंप्यूटरीकृत किया गया है और इनमें माइक्रो एटीएम भी लगाए गए है, जिनसे किसान 20 हजार रुपए तक की राशि निकाल सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब ग्राम भालूचुआ, तिलाई भाट और चंदनपुर के सैकड़ों किसानों को धान बेचने के लिए हरिनछपरा जाने की दिक्कत समाप्त होगी। श्री बग्गा ने इस समिति के निर्माण एवं शभारंभ के लिए क्षेत्र के समस्त किसानों के साथ प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री विष्णु देव साय का आभार माना इस अवसर पर हरिनछपरा सोसाइटी के श्याम कोसले, सरपंच चंद्र दिवाकर, वरिष्ठ काम दत्त गेंड्रे, दुलाखन गेंड्रे, बूथ अध्यक्ष आशाराम लहरे, हीरो सतनामी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### 60 परिवारों को मिला स्थायी रोज़गार-चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

# शहरवासियो को सुव्यवस्थित चौपाटी की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा शहर के सुव्यवस्थित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन विभाग कार्यालय के सामने राशि 64 लाख 34 हज़ार की लागत से सर्व सुविधायुक्त चौपाटी का निर्माण किया गया है। इस नव निर्मित चौपाटी में शहर के 60 फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की कवर्धा विधायक एवं छतीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा की मंशानुरूप छोटे व्यापारियों और फुटपाथ विक्रेताओं को स्थायी और सुरक्षित व्यवसायिक स्थान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लॉटरी पद्धति अपनाई गई, जिससे सभी पात्र विक्रेताओं को निष्पक्ष रूप से स्थान आवंटित किया जा सका। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर में अव्यवस्थित रूप से फैल रहे फुटपाथ व्यापार को एक व्यवस्थित रूप देने के साथ-साथ विक्रेताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। चौपाटी में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों को सुविधा मिलेगी। इस पहल से जहां एक ओर शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर फुटपाथ विक्रेताओं को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका का अवसर प्राप्त होगा। स्फुटपाथ विक्रेताओ ने भी इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे शहर के विकास की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।

**एक ही स्थान पर मिलेगा हर प्रकार का व्यंजन**

नव निर्मित चौपाटी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां शहरवासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे। इससे न केवल लोगों को विविध खान-पान का आनंद मिलेगा, बल्कि यह स्थान शहर के लिए एक नया फूड हब बनकर उभरेगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### बोड़ला तहसील पर भ्रामक जानकारी देने के आरोप

# अवैध ईट भट्ठों पर आरटीआई में दी गई जानकारी को लेकर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

अवैध ईट भट्ठों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर बोड़ला तहसील एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सूचना के अधिकार आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी में विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पिछले दो से तीन वर्षो में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है और न ही किसी संचालक को नोटिस जारी किया गया है। हालांकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उल्टा नजर आ रही है। कई ईट भट्ठा संचालक स्वयं नोटिस मिलने के दस्तावेज दिखा रहे हैं और नियमित रूप से तहसील कार्यालय में पेशी भी दे रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब कोई नोटिस जारी ही नहीं किए गए, तो ये दस्तावेज कहां से आए और पेशी किस आधार पर हो रही है? इस विरोधाभास ने प्रशासन द्वारा भ्रामक जानकारी देने की आशंका को और मजबूत कर दिया है। आरटीआई जैसे पारदर्शिता के महत्वपूर्ण माध्यम में इस तरह की जानकारी सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। सबसे अहम प्रश्न यह भी उठ रहा है कि जब विभाग खुद यह स्वीकार कर रहा है कि वर्षो से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई, तो क्षेत्र में सैकड़ों ईट भट्ठे आखिर बिना किसी रोक-टोक के अवैध रूप से कैसे संचालित हो रहे हैं? चौंकाने वाली बात यह है कि अनुविभागीय कार्यालय से महज चार-पांच किलोमीटर की दूरी पर ही बड़े स्तर पर ईट भट्ठों का संचालन हो रहा है, फिर भी प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आता। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि आखिर प्रशासन इस पूरे मामले को नजरअंदाज क्यों कर रहा है? क्या यह महज लापरवाही है या फिर किसी प्रकार की आपसी समझ से यह कारोबार फल-फूल रहा है? यदि ऐसा नहीं है, तो फिर ऑफलाइन नोटिस का खेल क्यों चल रहा है? लोगों का कहना है कि जहां मुख्यालय के नजदीक स्थित ईट भट्ठों को खुली छूट मिलती नजर आ रही है, वहीं मुख्यालय से दूर स्थित कुछ भट्ठों को नोटिस देकर कार्यवाही का दिखावा किया जा रहा है। इससे पूरे मामले में भेदभाव और चयनात्मक कार्यवाही की आशंका भी सामने आती है।

#### दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की मांग



स्थानीय नागरिकों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरटीआई में दी गई जानकारी और वास्तविक स्थिति के बीच अंतर स्पष्ट करने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। साथ ही अवैध ईट भट्ठों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की भी मांग उठ रही है।

#### बिना विधिवत प्रकरण दर्ज किए नोटिस जारी करना प्रक्रिया का उल्लंघन

कानूनी जानकारों के अनुसार इस प्रकार बिना विधिवत प्रकरण दर्ज किए नोटिस जारी करना और रिकॉर्ड को ऑफलाइन रखना न केवल प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि इससे पूरी कार्यवाही की पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी संदिग्ध हो जाती है।

## कोलेगांव धान खरीदी केंद्र को चना खरीदी केंद्र बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव धान उपार्जन केन्द्र को चना खरीदी केंद्र बनाने की मांग तेज हो गई है। इस केंद्र के अंतर्गत आसपास के ग्राम बसनी, घोरपेंड्री, रेहुटा, सूरजपुरा और खैलटूकरी सहित कई गांवों के किसान जुड़े हुए हैं। किसानों का कहना है कि चना बेचने के लिए उन्हें दूर-दराज इधर उधर भटकना पड़ता है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ते हैं वहीं कई बार उन्हें पिकअप वाहन के माध्यम से अपनी उपज ले जानी पड़ती है, जो आर्थिक रूप से बोझिल साबित होता है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कोलेगांव धान खरीदी केंद्र को ही चना खरीदी केंद्र घोषित किया जाए, ताकि स्थानीय किसानों को सुविधा मिल सके और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पृथ्वी संरक्षण संदेश, विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जगाई सामाजिक चेतना



**हरिभूमि कवर्धा।** अभ्युदय विद्यालय में शनिवार को सुरक्षित पृथ्वी विषय पर आधारित एक प्रभावशाली एवं जागरूकतापूर्ण नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन हनुमान वाटिका में किया गया। इस आयोजन में कला और सामाजिक संदेश का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं जल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूकता फैलाना था। विद्यार्थियों ने प्रदूषण, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और जल संकट जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। इस प्रतियोगिता में गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, होली किंगडम स्कूल एवं अभ्युदय विद्यालय, कवर्धा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के तिलक एवं स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी तथा निर्णायकगण महेश सिंह ठाकुर (सहायक शिक्षक) एवं श्रीमती संगीता सिंह ठाकुर (व्याख्याता) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा, उपप्राचार्य फजलूर रहमान खान, समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं नगरवासी भी उपस्थित थे। प्राचार्य तोरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान है, जो समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने सभी से स्वच्छता बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का आह्वान किया। प्रस्तुतियों में विभिन्न विद्यालयों ने अलग-अलग सामाजिक विषयों को मंचित किया। अशोका पब्लिक स्कूल ने बस्ता भारी, बचपन खाली के माध्यम से शिक्षा के बढ़ते दबाव को उजागर किया। गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने नई सोच विषय पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को दिखाया। होली किंगडम स्कूल ने धरती मां की पुकार सुनो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का भावनात्मक संदेश दिया। वहीं अभ्युदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाओ विषय पर प्रदूषण और वैश्विक तापवृद्धि के खतरे को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। जिस पर निर्णायक महेश सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भी पर्यावरण संरक्षण को सभी की जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों से संवाद भी किया गया, जिसमें उन्होंने इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। अंत में अतिथियों एवं निर्णायकों को पौधे और स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। परिणाम घोषणा में गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने प्रथम, अभ्युदय विद्यालय ने द्वितीय एवं होली किंगडम स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## महिला बिल पास नहीं होने देने पर भड़के भाजपा जिलाध्यक्ष

- महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर विपक्ष की मंशा पर उठाए सवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



महिला आरक्षण बिल पारित नहीं होने के मुद्दे पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने विपक्ष पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा नुकसान हुआ है। राजेंद्र चंद्रवंशी ने अपने बयान में कहा कि महिला आरक्षण बिल देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का एक ऐतिहासिक अवसर था, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक सोच और राजनीतिक स्वार्थ के कारण यह आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल दिखावे के लिए महिलाओं के अधिकारों की बात करता है, जबकि वास्तविकता में वह महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे मुद्दों पर जागरूक रहें और महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करें।

## गौ-सम्मान आह्वान अभियान, जिले में तैयारियां तेज

- गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ-संरक्षण के लिए सुदृढ़ और प्रभावी नीति बनाने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



सम्पूर्ण भारत में 27 अप्रैल को प्रस्तावित गौ-सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। धर्म नगरी कवर्धा में गौ-सेवकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम की अनुमति हेतु आवेदन सौंपा और अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया।

अभियान के तहत गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ-संरक्षण के लिए सुदृढ़ और प्रभावी नीति बनाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान जिले की सभी तहसीलों में संचालित होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे गांधी मैदान कवर्धा में प्रतिभागी एकत्रित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे के मध्य तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। गौ-सेवकों के अनुसार भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में गाय का विशेष महत्व रहा है। वर्तमान समय में गौवंश के सड़क पर भटकने और दुर्घटनाओं का शिकार होने की घटनाएं बढ़ी हैं, जो चिंता का विषय है।

इसी पृष्ठभूमि में वृंदावन के संत समाज द्वारा इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य जनजागरण के साथ सरकार तक जनभावनाएं पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत गौचर भूमि के संरक्षण, प्रत्येक गांव में आदर्श नंदीशाला की स्थापना और गौ-अभ्यारण्य विकसित करने पर भी बल दिया जाएगा। साथ ही गौ-पालन को मनरेगा से जोड़कर पशुपालकों को वर्ष में 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने, गोबर व गोमूत्र पर वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा जैविक खाद को सुलभ दरों पर उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल है। आयोजकों का मानना है कि इन पहल से किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। गौ सेवकों ने जिलेवासियों से 27 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### खबर संक्षेप

#### दीपंकर बुद्ध विहार समिति ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

**हरिभूमि कवर्धा।** दीपंकर बुद्ध विहार जनकल्याण समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समिति-बौद्ध समाज के अध्यक्ष गौकरण रोड़गे के नेतृत्व में भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती विगत दिनों 14 अप्रैल को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त दिन समाज के युवक-युवतियों द्वारा सुबह 10.00 बजे मोटर सायकल रैली निकाली गयी तथा शाम 6.00 बजे भव्य शोभा यात्रा जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे आकर्षक झांकी एवं डीजे के साथ नगर भ्रमण किया गया, जिसके पश्चात शाम 8.00 बजे अम्बेडकर चौक, कवर्धा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं पर प्रहार: गोपाल

### विधेयक महिलाओं के उज्जवल व आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रखेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवा-गोड़ान



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत सभापति गोपाल साहू ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक के विरोध को लोकतंत्र के लिए एक निराशाजनक अध्याय बताया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विधायी निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह ऐतिहासिक विधेयक देश की आधी आबादी के अधिकारों और आत्म-सम्मान से जुड़ा है, जिसका विरोध करना संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। कल यहां एक पारिवारिक कार्यक्रम में पहुंचे श्री साहू ने हरिभूमि संवाददाता को दिए अपने बयान में विपक्ष की भूमिका को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि जब देश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है, तब कुछ राजनीतिक दल अपनी ओछी राजनीति से ऊपर नहीं उठ सके। उन्होंने कहा, यह विरोध केवल एक कानून का विरोध नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों महिलाओं के सपनों और आकांक्षाओं के खिलाफ है जो राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना चाहती हैं।

#### सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत पहल

गोपाल साहू ने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह विधेयक महिलाओं के उज्जवल और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रखेगा। यह मात्र एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनाकर उन्हें सही अर्थों में सशक्त करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

#### जनता देख रही है सबका चेहरा

पूर्व सभापति ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज देश की नारी शक्ति सब कुछ देख और समझ रही है। समय आने पर देश की महिलाएं यह याद रखेंगी कि उनके हक और सम्मान की लड़ाई में कौन उनके साथ खड़ा था और किसने उनके रास्ते में रोड़े अटकाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमारे लिए नारी सम्मान सर्वोपरि है और भाजपा महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## 'नवा-तरिया आय के जरिया' अभियान को बनाएं जन आंदोलन: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जल संरक्षण एवं आजीविका को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन के महत्वाकांक्षी नवा तरिया आय के जरिया अभियान को सभी मिलकर जन आंदोलन का रूप दें। ग्रामीणों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें इसके फायदे बताएं और आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास करें। उक्त निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए। सीईओ ने बैठक में मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकता अनुसार ही निर्माण कार्यो का चयन करें, कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित हो और सभी कार्य समय-सीमा में पूरा करे। कार्यो में अनियमितता एवं गुणवत्ता खराब होने की शिकायत पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी सभी को दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें। अप्रारंभ कार्यो को आगामी एक सप्ताह में प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत वॉर आवास निर्माण की समीक्षा कर निर्देशित किया गया की हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के लाभ पर उनका ज्ञानवर्धन करे। योजना से विद्युत पर होने वाले खर्चो की बचत की जानकारी दी जाए। लंबे समय से प्रथम किस्त की राशि प्राप्त होने के बाद भी जो हितग्राही आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं उनसे संपर्क कर कार्य शुरू कराए। सीईओ अभिषेक अग्रवाल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्मित सामुदायिक शौचालय की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया गया कि शौचालय आम जनता के लिए उपलब्ध हो, पंचायत स्तर पर साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए तथा शौचालय के समीप स्वच्छता एवं पानी की व्यवस्था करने निर्देशित किया।

## भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने विद्यार्थियों ने बनाया प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भीषण गर्मी के इस दौर में जहां आमजन तपती धूप से परेशान हैं, वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर-कवर्धा द्वारा द्वितीय वर्ष मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक सराहनीय पहल की गई है। विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के पास सड़क किनारे प्याऊ घर का निर्माण कर राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं पशु-पक्षियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस पहल की सबसे खास बात यह रही कि प्याऊ घर के निर्माण में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वयं श्रमदान कर इस कार्य को पूर्ण किया, जिससे उनमें सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्याऊ घर में स्वच्छ एवं ठंडे पानी की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे तेज गर्मी में राहगीरों को तत्काल राहत मिल रही है। साथ ही, पशु-पक्षियों के लिए भी अलग से पानी की व्यवस्था कर पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया गया है। यह पहल न केवल समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, मानवता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय का यह प्रयास निश्चित रूप से अन्य संस्थानों और लोगों को भी प्रेरित करेगा कि वे ऐसे जनहितकारी कार्यों में आगे आकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### गैस संकट गहराया, लकड़ी-उपले से करना पड़ रहा गुजारा, 45 दिन की बाध्यता से ग्रामीण बेहाल

## शादी-ब्याह के सीजन में गैस सिलेंडर की किल्लत, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्रामीण घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग पर लागू 45 दिन की अनिवार्य समय सीमा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। कोलेगांव सहित जिले के आसपास के गांवों में सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं होने से लोगों को मजबूरी में पारंपरिक ईंधन-लकड़ी और उपले का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गैस समाप्त होने के बावजूद नई बुकिंग नहीं हो पा रही है, जिससे बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने से निराशा बढ़ रही है। एक सिलेंडर के भरोसे 45 दिन तक गुजारा करना संभव नहीं है खासकर विवाह सीजन में घरेलू जरूरतें बढ़ने के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। कई शादियों का बुकिंग भी कैंसल हो रही है केटर्स सिर्फ चूल्हा लकड़ी से बन पाने वाले ही खाद्य सामग्री बनाने की बात कह रहे है। कई परिवारों में केवल एक ही सिलेंडर होने के कारण गैस खत्म होते ही खाना बनाने में संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे में लकड़ी-उपले से भोजन बनाना मजबूरी बन गया है, जिससे अतिरिक्त समय और श्रम लग रहा है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार मार्च 2026 से लागू नियमों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही सिलेंडर बुकिंग संभव है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि 25 दिन निर्धारित है। डबल सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए भी 35 दिन का अंतराल तय किया गया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस नियम में लचीलापन लाया जाए या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। शादी ब्याह के इस सीजन में लोगो को सिलेंडर नही मिलना बड़ी मुसीबत में डाल दिया है शादी में खाना बनाने वाले औने शर्त में खाना बना रहे है जो भोजन खाद्य सामग्री चूल्हा लकड़ी से बन पा रहा वही बना रहे है केटर्स गैस सिलेंडर की कमी के कारण लोगो को आवश्यकता के अनुसार नही मिल पा रहा है वही लोग परेशान और हैरान है।

#### 45 दिन की बाध्यता से बढ़ी परेशानी

ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर डिलीवरी के बाद 45 दिन तक नई बुकिंग संभव नहीं है। इस नियम के कारण एक सिलेंडर के भरोसे लंबे समय तक गुजारा करना पड़ रहा है, जिससे आम नागरिकों की कठिनाइयां लगातार बढ़ रही हैं।

#### लकड़ी-उपले बना सहारा

गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को फिर से पारंपरिक ईंधन का उपयोग करना पड़ रहा है। इससे महिलाओं को अधिक श्रम करना पड़ रहा है और समय की भी बर्बादी हो रही है।